सरकूलर नं0: अपमा/2016–2018/58 दिनांक : 14–3–2017

''अपमा होली मंगल मिलन कार्यक्रम सफलता के साथ सम्पन्न''

प्रिय व्यापारी भाईयो, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मंगल मिलन का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ दिनांक 11–3–2017 को तिकोना पार्क कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006 में मनाया गया। अपमा सदस्यों का कार्यक्रम के प्रति उत्साह देखने लायक था। इस होली मंगल मिलन के कार्यक्रम में लगभग 2200 अपमा के सम्माननीय सदस्यों ने भाग लिया। आपके मिले अपार स्नेह व सहयोग से यह कार्यक्रम सफलता क साथ सम्पन्न हुआ, आपकी उपस्थिति हमारी सफलता का आईना है। इस कार्यक्रम में आपके साथ–साथ अपमा पूर्व प्रधान श्री चन्द्र ओबराय जी, श्री शंकरलाल अग्रवाल, श्री वी.ए. दीवान जी एवं ''कंफैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स दिल्ली प्रदेश चेयरमैन व अपमा के पूर्व प्रधान श्री नरेन्द्र मदान जी ने भाग लिया। अपमा प्रधान, समस्त कार्यकारिणी एवं मनोरंजन उपसमिति के चेयरमैन श्री धीरज मलिक जी एवं उनकी पूरी टीम आए हुए अपने समस्त अतिथियों का ह्रदय की गहराईयों से आभार व्यक्त करती है।

आप सभी प्रतिष्ठित व्यापारी भाईयों के साथ–साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया, जिनमें प्रमुख है :– अकाली दल दिल्ली प्रदेश के वरिष्ठ उप प्रधान एवं पूर्व विधायक श्री जितेन्द्र सिंह शन्टी जी, हमारे क्षेत्र के निगम पार्षद श्री हर्ष शर्मा जी, पूर्व निगम पार्षद श्री सुमन गुप्ता जी, व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फैडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीण खण्डेलवाल जी, दिल्ली बैयरिंग ट्रेडर्स एसोसियेशन के प्रधान श्री जीवन घई जी, ऑटोमोटिव एण्ड जनरल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसियेशन के प्रधान श्री निरंजन पौद्दार जी, महासचिव श्री सतबीर सिंह रेखी जी एवं कोषाध्यक्ष श्री कुलदीप कौशिक जी, दिल्ली स्कूटर ट्रेडर्स एसोसियेशन के प्रधान श्री अजय (रवि) हंस जी, महामंत्री श्री दीपक सचदेवा जी एवं पूर्व प्रधान श्री अमृत लाल बंसल जी, दिल्ली हिन्दुस्तान मर्केन्टाइल एसोसियेशन(रजि) के प्रधान श्री अरूण सिंघानिया जी, भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के महासचिव एवं हम व्यापारी समाचार पत्र के मुख्य संपादक श्री विजय प्रकाश जैन जी एवं श्री हमेन्त गुप्ता जी, श्री अग्रसेन इंटरनेशनल हॉस्पिटल के चेयरमैन श्री घनश्याम गुप्ता जी, पूर्व महासचिव

कृ0प0उ0..............2

श्री सुरेश गुप्ता जी, श्री—नवयुवक रामलीला कमेटी के महामंत्री जत्थेदार अवतार सिहं जी, रेजिडेन्टस वेलफेयर एसोसियेशन के प्रधान श्री अभिमन्यु अरोड़ा जी, मौहल्ला समिति के चेयरमैन श्री अब्दुल रहमान जी, सुप्रसिद्ध समाज सेवी एवं Red Pro Builders के मालिक श्री अर्जुन कुमार जी, कश्मीरी गेट थानाध्यक्ष श्री मंगेश गेदम जी एवं उनके सहयोगी, सिंह की आवाज के संपादक श्री अर्जुन कुमार जैन जी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस कार्यक्रम में आकर न केवल चार—चांद लगाएं वरन् हमारे सभी व्यापारी भाईयों को आपसी भाईचारे एवं प्रेम के प्रतीक इस पर्व पर अपनी—अपनी शुभकामनाएं दी।

हम अपमा प्रधान सहित समस्त कार्यकारिणी एवं आप सभी की ओर से उनका आभार व्यक्त करते हैं तथा कामना करते हैं कि भविष्य में भी ये सब अति विशिष्ट विभूतियां हम सब पर अपना स्नेह बनाये रखेंगे।

होली मिलन के कार्यक्रम के प्रवेश द्वार पर सभी व्यापारी भाईयों का चन्दन से तिलक लगाकर स्वागत किया गया और विशिष्ट अतिथियों का फूलमालाओं एवं अंग वस्त्र द्वारा मंच पर स्वागत किया गया। होली के इस पावन पर्व को आकर्षक, सुन्दर व मनोरंजक बनाने हेतु दिल्ली के प्रसिद्ध व लाजबाव स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ आपके मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस बार विशेष रूप से दिल्ली पुलिस की टीम को हमारे क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

अपमा प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी मनोरंजन उपसमिति के संयोजक एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री कैलाश चन्दर(जेडी) को होली मिलन के कार्यक्रम में निःशुल्क आईसक्रीम के योगदान, गेट के विज्ञापनकर्ता मैं0 अल्ट्रा वारयिंग तथा स्टेज के विज्ञापनकर्ता मै0 अरूण एसोसियेट तथा होली मंगल मिलन के कार्ड के विज्ञापनकर्ता के रूप में मै0 ओढ़नी, सुपर इंडिया ट्रेड़िग कम्पनी(रजि), मै0 यूटीआई इण्डस्ट्रीज एवं सुपर स्पेयर्स का भी कार्ड के प्रायोजक के रूप में आभार व्यक्त करती है।

बन्धुओं, आपका प्यार और स्नेह हमें सदैव प्रेरित करता है कि हर वर्ष इस कार्यक्रम का और अच्छे रूप में आयोजन करें। इस वर्ष भी हमने आपके सुझावों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम को और अच्छे ढंग से करने का प्रयास किया है। फिर भी कोई त्रुटि रह गई हो तो उसे दूर करने के लिए आपके सुझाव आमत्रिंत हैं, ताकि हम आगे और बढिया कार्यक्रम कर सकें। अन्त में एक बार फिर हम आप सबका प्रधान श्री आर.के. गुप्ता जी, अपमा के सभी पदाधिकारियों एवं समस्त कार्यकारिणी की ओर से आभार व्यक्त करते हैं कि आपने अपना बहुमूल्य समय निकालकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

(विष्णु भार्गव)

महासचिव